# हरियाणा विधान सभा

**(17 मार्च, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

## 17 मार्च, 2023

----

**कुल प्रश्न - 21**

----

### अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत सौन्दर्यीकृत तालाबों की कुल संख्या

81 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) राज्य में अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत सौन्दर्यीकृत किए गए तालाबों की कुल संख्या कितनी है तथ उनका जिलावार, खण्डवार तथा गांववार ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) जींद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में चिन्हित किए गए तालाबों पर खर्च का ब्यौरा क्या है ?

----

### माइनरों का नवीनीकरण करना

82 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाली निम्नलिखित माइनरों का नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः-
I. खोखरी-माइनर;
II. बरोदी माइनर;
III. बरसाना माइनर;
IV. नई शामदों माइनर; तथा

(ख) यदि हां, तो इनका नवीनीकरण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## सुपर सकर मशीन उपलब्ध कराना

83 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि लोक निर्माण विभाग, जींद में मशीनरी की भारी कमी है;
(ख) राज्य में सुपर सकर मशीनों की कुल संख्या कितनी है;
(ग) क्या जींद मण्डल/क्षेत्र में सुपर सकर मशीन उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(घ) यदि हां, तो उपरोक्त मशीन के कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## जिला जनसंपर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक

84 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) राज्य में जिला जनसम्पर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक में विधायकों को बुलाने के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ; तथा
(ख) क्या जिला जनसम्पर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक में कोई विधायक अपने क्षेत्र की समस्या उठा सकते हैं/प्रस्तुत कर सकते हैं; यदि हां, तो उसका तरीका क्या है?

----

## तालाबों का निर्माण कार्य

85 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद एन.आई.टी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बाजड़ी तालाब संख्या 30/31/32, गांव डबुआ तालाब संख्या-65, गांव गौंछी तालाब संख्या-146/147/148/149, गांव गाजीपुर तालाब संख्या - 31, गांव झारसेंतली तालाब संख्या - 163 तथा गांव नंगला गुजरान तालाब संख्या - 48 को आदर्श तालाब के निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है; तथा
(ख) यदि हां, तो उन तालाबों की संख्या कितनी है जिनके लिए अब तक विभाग द्वारा स्वीकृति दी गई/राशि जारी की गई है तथा तालाबों के उपरोक्त कार्य को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## तालाबों का नवीनीकरण कार्य

86 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर फरीदाबाद एन.आई.टी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव पाली तथा धौज में तालाबों के नवीनीकरण का कार्य आरम्भ किया गया था; तथा
(ख) यदि हां, तो ठेकेदार का नाम क्या है जिसे दोनों गांवों के तालाबों का कार्य दिया गया है तथा उसने अब तक कितने प्रतिशत कार्य किया है एवं ठेकेदार को कितना भुगतान किया गया है तथा उक्त कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत विकास कार्य

87 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है वर्ष 2019-2020 में फरीदाबाद एन.आई.टी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत धौज, गोठड़ा, मोहबताबाद, मादलपुर तथा कुरैशीपुर गांव गोद लिए गए थे;
(ख) क्या उक्त योजना के अन्तर्गत उपरोक्त गांवों में विकास कार्यों को पूरा किया गया है; यदि हां, तो उसके समापन प्रमाण-पत्र (कंप्लीशन सर्टीफिकेट) का ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं तथा उपरोक्त कार्यों के कब तक पूरे किए जाने की संभावना है?

----

## पुस्तकालय बनाने के प्रगतिशील उपाय

88 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि मेरे द्वारा दिनांक 11.04.2022 को जारी किए गए पत्र क्रंमाक 2022-23/055 तथा डब्लयू/सीएमसी गुरूग्राम द्वारा डीजी डाक संख्या 000776 दिनांकित 20.04.2022 के माध्यम से नगर निगम गुरूग्राम को प्राप्त पत्र के संबंध में :-
(क) न्यू पालम विहार में बनने वाले पुस्तकालय के संबंध में क्या प्रगति हुई;
(ख) अनुमान का ब्यौरा क्या है जो न्यू पालम विहार में बनने वाले पुस्तकालय के लिए तैयार किया गया है ;
(ग) ऊपर वर्णित पुस्तकालय के संबंध में अंतिम बार क्या कार्रवाई हुई तथा किस तिथि को की गई; तथा
(घ) ऊपर वर्णित पुस्तकालय के विकास कार्य में देरी के क्या कारण हैं ?

----

## रेजिडेंट्स वैलफेयर ऐसोसिएशन के रखरखाव स्थानांतरण के विनियमन

89 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या विनियमन लाने की कोई योजना है जो बिल्डर को सोसायटी की सम्पत्ति के रख रखाव को सोसायटी की रेजिडेंट्स वैलफेयर ऐसोसिएशन को स्थानांतरित करने के लिए विवश करती है ;
(ख) किन नियमों के अन्तर्गत जिला गुरूग्राम में रेजिडेंट्स वैलफेयर ऐसोसिएशन पंजीकृत तथा मान्यता प्राप्त हैं ;
(ग) क्या हरियाणा सरकार द्वारा रेजिडेंट्स वैलफेयर ऐसोसिएशन को सोसायटी के निवासियों के प्रतिनिधियों के रूप में मान्यता प्राप्त है; तथा
(घ) क्या एक सोसायटी को केवल एक रेजिडेंट्स वैलफेयर ऐसोसिएशन की अनुमति देने का कोई प्रावधान है?

----

## चिरायु तथा आयुष्मान भारत योजनाओं का ब्यौरा

90 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री चिरायु तथा आयुष्मान भारत योजनाओं के सम्बंध में कृपया बताएंगे किः-
(क) जिला गुरूग्राम में इन योजनाओं के अन्तर्गत उपचार के लिए लाभार्थियों को स्वीकृत करने वाले सभी सूचीबद्ध अस्पतालों का ब्यौरा क्या है?

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों द्वारा गुरूग्राम के अस्पतालों में लिए जाने वाले उपचारों का ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक उपचार के लिए कितनी राशि का भुगतान किया जा रहा है;

(ग) क्या इन योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों के उपचार के लिए अस्पतालों को सरकार द्वारा भुगतान करने के लिए समय सीमा उपलब्ध करवाने का कोई प्रावधान है;

(घ) उन मामलों का ब्यौरा क्या है जिनमें गुरूग्राम में लाभार्थियों के उपचार के लिए अस्पतालों को भुगतान में देरी हुई तथा इस प्रकार की देरी के क्या कारण हैं; तथा

(ड) ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है जिनमें आयुष्मान भारत के तहत मरीज के दावे को अस्वीकृत किया गया हो ?

----

## मल शोधन संयंत्रो की कुल संख्या

91 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) गुरूग्राम जिले में मल शोधन संयंत्रो की कुल संख्या कितनी है तथा इन संयंत्रो में उपयोग की गई जमीन का क्षेत्र, प्रयोग की गई मल जल उपचार तकनीक तथा सफाई गतिविधियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य में सीवर लाइन तथा मल शोधन संयंत्रो को साफ करने में प्रयोग की जा रही तकनीक का ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) वित्त वर्ष 2022-23 से आज तक गुरूग्राम में मल शोधन संयंत्रो के रखरखाव के खर्च का ब्यौरा क्या है?

----

## पांच करम के रास्तों को पक्का करना

92 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) बाढडा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कच्चे या क्षतिग्रस्त पांच करम के रास्तों की संख्या कितनी है; तथा
(ख) क्या उपरोक्त रास्तों का निर्माण/पक्का करने को कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त रास्तों को कब तक पक्का किए जाने की संभावना है?

----

## झोझू कलां का शिक्षा विभाग के खण्ड के रूप में दर्जा बढ़ाना

93 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या पंचायत विभाग खण्ड की तर्ज पर झोझू कलां को शिक्षा विभाग खण्ड के रूप में दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## स्पोर्टस स्टेडियम का निर्माण

94 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी में जिला स्तर के निर्माणाधीन के स्पोर्टस स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक पूरा किया जाने की संभावना है?

----

## कृषि विभाग कार्यालय का निर्माण

95 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी जिले में कृषि विभाग के जिला स्तर के कार्यालय तथा बाढड़ा के उपमण्डल में कृषि खण्ड अधिकारी के कार्यालय का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## जिम/व्यायामशालाओं की कुल संख्या

96 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की 95 पंचायतों में से अब तक कितनी पंचायतों में जिम/व्यायामशालाएं खोले गए/निर्मित किए गए तथा शेष गांवों में जिम/व्यायामशालाओं को कब तक खोले जाने/निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## नए पुस्तकालय खोलना

97 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की 95 पंचायतों में से अब तक कितनी पंचायतों में पुस्तकालय खोले गए हैं तथा शेष गांवों में पुस्तकालयों के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## पूंजीगत परिव्यय का वास्तविक खर्च

98 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 तथा 2021-22 के लिए राज्य में पूंजीगत परिव्यय का बजट अनुमान तथा वास्तविक खर्च कितना है?

----

## बकाया बजट उधार

99 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा राज्य में 31 जनवरी, 2023 तक बकाया बजट उधार (अर्थात् सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के बकाया ऋण, विशेष उद्देश्य वाहन इत्यादि)

कितना है?

----

**स्वास्थ्य केन्द्रों का दर्जा बढ़ाना**

100 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में हेल्थकेयर के लिए राष्ट्रीय मानकों अर्थात् राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों (एन.क्यू.ए.एस) को प्राप्त करने के लिए दर्जा बढ़ाए गये जिला अस्पतालों का ब्यौरा क्या है तथा भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों के अनुसार दर्जा बढ़ाए गये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सी.एच.सी.) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पी.एच.सी.) का ब्यौरा क्या है ?

----

**चैक डैमों की संख्या**

101 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में शिवालिक पहाड़ियों तथा अरावली पहाड़ियों में कितने चैक डैम निर्मित/निर्माणाधीन हैं तथा गत् दो वर्षों में उनकी जल संरक्षण की क्षमता कितनी है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**17 मार्च, 2023.** **सचिव**